प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

26 फरवरी 2024

2023-24 की तीसरी तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दस प्रमुख शहरों[1] में पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों के आधार पर, 2023-24 की तीसरी तिमाही के लिए अपना त्रैमासिक आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)[2] (आधार: 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-शृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://cimsdbie.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/home> Statistics > Real Sector > Prices & Wages) पर उपलब्ध हैं।

मुख्य बिन्दु:

- 2023-24 की तीसरी तिमाही में अखिल भारतीय एचपीआई में 3.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसमें पिछली तिमाही में 3.5 प्रतिशत और एक वर्ष पहले 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी; वार्षिक एचपीआई वृद्धि सभी शहरों में व्यापक रूप से भिन्न-भिन्न रही - उच्चतम 8.4 प्रतिशत (चेन्नई) से लेकर न्यूनतम 0.6 प्रतिशत (कोच्चि) तक।
- क्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) आधार पर, 2023-24 की तीसरी तिमाही में अखिल भारतीय एचपीआई में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई; दस शहरों में से छह (अर्थात, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और कोच्चि) में नवीनतम तिमाही के दौरान आवास कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई।



अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1942

[1] दस शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं।

[2] एचपीआई संकलन पद्धति के लिए आरबीआई बुलेटिन के अक्तूबर 2014 अंक के लेख "आवास मूल्य सूचकांक: 2010-11 से 2013-14" का संदर्भ लिया जा सकता है (वेबलिंक: https://rbi.org.in/hi/web/rbi/publications/rbi-bulletin)।